बृहस्पतिवार
15 अगस्त 2024



पृष्ठ 7
नर्स के साथ दुष्कर्म व हत्या का खुलासा...



पृष्ठ 8
शेख हसीना के खिलाफ इंटरनेशनल



● देहरादून
● वर्ष 32
● अंक 190
● पृष्ठ 8
● मूल्य ₹ 1.00

**आज का विचार**

मेहनत करने से दरिद्रता नहीं रहती, धर्म करने से पाप नहीं रहता, मौन रहने से कलह नहीं होती और जागते रहने से भय नहीं होता। — चाणक्य

दून वैली मेल
सांध्य दैनिक
आर.एन.आई.- 59626/94
email: doonvalley_news@yahoo.com Website: dunvalleymail.com
डीएवीपी से मान्यता प्राप्त

# उत्तराखंड में जश्न-ए-आजादी की धूम

विशेष संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड राज्य में आज चारों ओर स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रमों की धूम रही। सरकारी भवनों से लेकर स्कूल और कॉलेजों तक तमाम कार्यक्रमों का आयोजन कर ध्वजारोहण किया गया।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज पहले अपने आवास पर ध्वजारोहण किया तथा इस अवसर पर वहां मौजूद अधिकारियों और अतिथियों को संविधान की रक्षा की संकल्प की शपथ भी दिलाई गई। वही राज्यपाल गुरमीत सिंह द्वारा राज भवन में ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी



ने सचिवालय परिसर में ध्वजारोहण किया तथा पौधारोपण किया। विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूरी ने विधानसभा भवन पर ध्वजारोहण कर प्रदेश वासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी। उत्तराखंड हाई कोर्ट की मुख्य न्यायाधीश ऋतु बाहरी ने न्यायालय परिसर में ध्वजारोहण किया।

राजधानी देहरादून के परेड ग्राउंड में इस अवसर पर मुख्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने ध्वजारोहण कर यहां बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों को संबोधित भी किया। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन की शुरुआत आजादी के अमर शहीदों को नमन और आपदा में जान गवाने वाले लोगों के प्रति शोक संवेदनाओं को प्रकट करते हुए कहां गया कि भारत आज प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में समृद्ध और सशक्त भारत बन चुका है तथा हम दृढ़ इच्छा शक्ति के साथ विकसित भारत बनने की ओर अग्रसर है।

- स्वतंत्रता संग्राम बलिदानियों को याद किया
- शहीदों के सपनों का उत्तराखंड बना रहे हैं
- संविधान की रक्षा के संकल्प की शपथ ली
- जगह-जगह कार्यक्रमों का आयोजन किया

मुख्यमंत्री धामी ने अपने कार्यकाल के उन सभी फैसलों का जिक्र करते हुए कहा जो उत्तराखंड राज्य को नंबर वन बनाने में सहायक ▶▶ शेष पृष्ठ 7 पर

# शहीद दीपक का पार्थिव शरीर दून पहुंचा

विशेष संवाददाता

देहरादून। बुधवार को जम्मू-कश्मीर के डोडा में आतंकियों के साथ हुई मुठभेड़ में शहीद हुए देहरादून के कैप्टन दीपक सिंह का पार्थिव शरीर आज दोपहर जॉली ग्रांट हवाई अड्डे पर पहुंचने की खबर मिलते ही बड़ी संख्या में लोग उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए उमड़ पड़े। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और राज्यपाल गुरूमीत सिंह भी उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने जॉली ग्रांट पहुंचे। मुख्यमंत्री धामी ने





## राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने दी श्रद्धांजलि

इस अवसर पर शहीद कैप्टन दीपक सिंह के पिता और परिजनों को ढांढस बंधाते हुए कहा कि सरकार और प्रदेश के लोग इस दुख की घड़ी में उनके साथ खड़े हैं।

मुख्यमंत्री धामी ने इस अवसर पर कहा कि आज जब देश स्वतंत्रता दिवस मना रहा है वहीं उत्तराखंड के एक सपूत की शहादत से उनका मन दुखी है। उन्होंने कहा कि देवभूमि के सपूतों ने अपने खून से हमेशा देश की सरहदों की रक्षा की है। इस अवसर पर मौजूद शहीद दीपक सिंह के पिता ने कहा कि एक पिता ▶▶ शेष पृष्ठ 7 पर

# कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में आधी रात घुसी भीड़, जमकर की तोड़फोड़

कोलकाता। कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में लेडी डॉक्टर के साथ हुई रेप और मर्डर की वारदात के विरोध में गुरुवार रात देश के कई जगहों पर रात 11:55 बजे 'रिक्लेम द नाइट' नाम का विरोध प्रदर्शन शुरू हुआ। इसका



मतलब है- रात पर अपना अधिकार हासिल करना। इस प्रदर्शन को आजादी की आधी रात में महिलाओं की आजादी की खातिर प्रदर्शन का नाम दिया गया। देखते ही देखते कोलकाता में आयोजित विरोध- प्रदर्शन हिंसक हो गया। आधी रात को हालात उस वक्त बिगड़ गए जब उग्र भीड़ हॉस्पिटल की इमरजेंसी बिल्डिंग में बैरिकेड तोड़कर घुस गई। रात करीब 12 बजे अस्पताल में जमकर तोड़फोड़ की गई।डॉक्टरों के साथ मारपीट की गई। अस्पताल परिसर में जिस जगह प्रदर्शनकारी डॉक्टर धरना दे रहे थे, उस जगह पर भी उपद्रवियों ने तोड़फोड़ की और कुर्सियां तोड़ी गई, पंखे तोड़ दिए। इमरजेंसी वॉर्ड के अंदर शायद ही कुछ बचा हो।

# पीएम मोदी ने 11वीं बार लाल किले की प्राचीर से फहराया तिरंगा

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज लगातार 11वीं बार लाल किले की प्राचीर से तिरंगा फहराया है। यह पहली बार है जब कोई प्रधानमंत्री लगातार 11वीं बार लाल किले से स्वतंत्रता दिवस समारोह का संबोधन कर रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने पूर्व पीएम मनमोहन सिंह का रिकॉर्ड तक तोड़ दिया है। गौरतलब है कि यह पीएम मोदी का अपने तीसरे कार्यकाल का पहला स्वतंत्रता दिवस संबोधन है। वह मनमोहन सिंह से आगे निकल गए जिन्होंने 2004 से 2014 के बीच 10 बार तिरंगा फहराया था और जवाहरलाल नेहरू और इंदिरा गांधी से पीछे हैं, जिन्होंने क्रमशः 17 और 16 बार ऐसा किया था।



इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस की थीम विकसित भारत है। लाल किले की प्राचीर से पीएम मोदी ने कहा, विकसित भारत 2047 के लिए हमने देशवासियों से सुझाव आमंत्रित किए। हमें जो सुझाव मिले, वे हमारे नागरिकों के सपनों और आकांक्षाओं को दर्शाते हैं। कुछ लोगों ने भारत को कौशल राजधानी बनाने का सुझाव दिया, कुछ अन्य ने कहा भारत को मैन्युफैक्चरिंग हब बनाया जाए और देश को आत्मनिर्भर बनाया जाए, शासन और न्याय प्रणाली में सुधार हो, ग्रीनफील्ड शहरों का निर्माण हो, क्षमता निर्माण हो, भारत का अपना अंतरिक्ष स्टेशन हो- ये नागरिकों की आकांक्षाएं हैं जब देश के लोग देश के इतने बड़े सपने हैं, ये हमारे आत्मविश्वास को नई ऊंचाइयों पर ले जाते हैं और हम और अधिक दृढ़ हो जाते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, हम कोरोना काल को कैसे भूल सकते हैं? हमारे देश ने दुनिया भर में सबसे तेजी से करोड़ों लोगों को वैक्सीन लगाई। ये वही देश है जहां आतंकवादी आते थे और हम पर हमला करते थे। जब देश के सशस्त्र बल देश जब सर्जिकल स्ट्राइक करता है, एयर स्ट्राइक करता है तो देश का युवा गर्व से भर जाता है, इसलिए आज देश के 140 करोड़ नागरिक गौरवान्वित होते हैं।

दून वैली मेल

## संपादकीय

# स्वतंत्रता दिवस की बधाईयां

आज देश अपने स्वतंत्रता दिवस की 78वीं वर्षगांठ मना रहा है। हर वर्ष की तरह सत्ता शीर्ष पर बैठे नेताओं के तमाम बधाईयों के संदेश देशवासियों को मिल रहे है। स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर कल राष्ट्रपति और आज लालकिले से पीएम मोदी ने भी देश के स्वतंत्रता दिवस की बधाईयां देशवासियों को दी गयी। आजादी की वर्षगांठ पर अगर इस बात का जिक्र कि हमने इन 77 सालों में विकास की इमारत को किन बुलंदियों पर पहुंचा दिया है। तो इसक बिना राजनीति की बात पूरी नहीं हो सकती है। लेकिन क्या इस सबके बीच देश के आम आदमी की स्वतंत्रता का जिक्र जरूर किया जाना चाहिए। सरकारी आंकड़ों में भारत देश विकास के पथ पर भले ही दौड़ता दिख रहा हो लेकिन इसके इतर देश के अंदर एक ऐसा भारत भी है जिसके पास तक आजादी के 77 साल बाद भी विकास का एक झौंका तक नहीं पहुंच सका है। एक साधारण सा सवाल यह है कि देश की कुल आबादी जो 140 करोड़ के आस-पास है उसमे कितने लोग ऐसे है जिनके पास इतनी वित्तीय क्षमता है कि वह अपनी रोटी, कपड़ा, मकान जैसी मूल जरूरतों को पूरा करते हुए अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दिला सके या बीमार होने की स्थिति में अपना उचित इलाज करा सकने में सक्षम हो? आजादी के अमृतकाल और विकसित भारत के संकल्प के बीच इस सच्चाई से नजरें मिलाने की हिम्मत आज किसी भी नेता के पास नहीं है। अगर देश के आम आदमी की वित्तीय स्थिति आजादी के 77 साल बाद भी ऐसी रही होती कि वह स्वंय अपनी सभी जरूरतों को बोझ खुद उठा पाने की आर्थिक स्वतंत्रता को हासिल कर पाया होता तो देश के 80 करोड़ गरीब लोगों को सरकार से मिलने वाले मुफ्त या सस्ती दर के राशन पर निर्भर नहीं रहना पड़ता। देश की कुल राष्ट्रीय आय के 22.6 फीसदी हिस्से पर जब देश के एक प्रतिशत धनपति अपना कब्जा जमाए बैठे है तब आम आदमी की स्वतंत्रता की बात बेमायने है। 2022 में विश्व राष्ट्रो के हंगर इन्डेक्स में भारत 107वें स्थान पर था जो अब 2023 में 111वें स्थान पर पहुंच गया है। देश के ग्रामीण अंचलों में रहने वाले छोटे किसान और मजदूरों की प्रति व्यक्ति आय 4 हजार रूपये महीना है। इस मंहगाई के दौर में एक व्यक्ति इस आय में भला कैसे गुजर-बसर करता है इसे समझने को न कोई तैयार हुआ है न होगा। यह आबादी को छोटी मोटी नहीं 60 फीसदी के आस पास है। अभी सरकार द्वारा 2024-25 के बजट में शिक्षा के लिए 1 लाख 25 हजार करोड़ का बजट निर्धारित किया गया है। जो 326 लाख करोड़ जीडीपी के अनुमान का महज 0.38 फीसदी है। भारत में इस समय अगर स्कूली बच्चों की बात की जाये तो उनकी संख्या 24 करोड़ के आस-पास है इस बजट से इन बच्चों को कितनी बेहतर शिक्षा मिल सकती है यह आप खुद सोच सकते है। सरकार का दावा है कि उसने 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर लाने का काम किया है। दो दिन पहले ही सरकार ने खुदरा मंहगाई दर के अब तक के सबसे निचले स्तर पर 3.7 फीसदी पर आने का दावा किया है। जबकि बीते एक साल में आम उपभोक्ता वस्तुओं की कीमतें 25 से 30 फीसदी तक बढ़ी है। आजादी के 77 साल में आम आदमी को कितनी आर्थिक आजादी मिल सकी है उसकी जमीनी हकीकत को समझना बहुत मुश्किल है। इसलिए आप भी ज्यादा मत सोचिये स्वतंत्रता दिवस की बधाईयां स्वीकार कीजिये और आत्मनिर्भर भारत तथा विकसित भारत के संकल्पो के साथ आगे बढ़िये।

# एसडीआरएफ मुख्यालय में हर्षोल्लास से मनाया गया 78वाँ स्वतंत्रता दिवस

हमारे संवाददाता

देहरादून। स्वतंत्रता दिवस के शुभावसर पर आज एसडीआरएफ वाहिनी मुख्यालय, जॉलीग्रांट देहरादून में देश के 78वें स्वतंत्रता दिवस को हर्षोल्लास, जोश एवं उत्साह से मनाया गया।




सेनानायक एसडीआरएफ मणिकांत मिश्रा द्वारा सर्वप्रथम राष्ट्रीय ध्वज को फहराया गया, इस दौरान सलामी गार्द द्वारा सलामी की कार्यवाही की गई व प्रांगण में मौजूद समस्त अधिकारी व कर्मचारियों द्वारा राष्ट्र ध्वज के सम्मान में सेल्यूट किया गया। तत्पश्चात सेनानायक मणिकांत मिश्रा द्वारा उपस्थित समस्त अधिकारियों व कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता व अखंडता की शपथ दिलाई गई।

उन्होंने समस्त अधिकारियों व कर्मचारियों को संबोधित करते हुए बताया गया कि आज का दिन हर भारतवासी के लिए गौरवान्वित करने वाला है। अनेकता में एकता वाले हमारे देश पर हमे गर्व करना चाहिए और यह प्रण भी लेना चाहिए कि अपनी मातृभूमि की रक्षा के लिए सर्वस्व न्योछावर करने के लिए सदैव तत्पर रहेंगे। सेनानायक द्वारा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर एसडीआरएफ उत्तराखंड के पदक प्राप्त करने वाले अधिकारियों व कार्मिकों को बधाई दी गयी।

ध्वजारोहण के उपरांत सेनानायक द्वारा प्रांगण में उपस्थित एसडीआरएफ कार्मिकों व कार्यक्रम में सम्मिलित हुए कार्मिकों के परिवारजनों को मिष्ठान वितरित किया। एसडीआरएफ उत्तराखंड की राज्य भर में व्यवस्थापित एसडीआरएफ पोस्टों पर भी जोश और उत्साह के साथ स्वतंत्रता दिवस मनाया गया।

इस अवसर पर वाहिनी मुख्यालय में उपसेनानायक विजेंद्र दत्त डोभाल, मिथिलेश कुमार, सहायक सेनानायक श्याम दत्त नौटियाल, शिविरपाल, राजीव रावत, निरीक्षक प्रमोद रावत, उपनिरीक्षक जयपाल राणा, विजय प्रसाद इत्यादि अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# समाजवादी अल्पसंख्यक सभा के गुलफाम ने किया ध्वजारोहण

संवाददाता

देहरादून। समाजवादी अल्पसंख्यक सभा के राष्ट्रीय सचिव एवं जिला प्रभारी समाजवादी पार्टी गुलफाम अली ने कैम्प कार्यालय पर ध्वजारोहण किया।




आज यहां समाजवादी अल्पसंख्यक सभा के राष्ट्रीय सचिव एव जिला प्रभारी समाजवादी पार्टी देहरादून गुलफाम अली ने कैम्प कार्यालय शिमला रोड मेहूवाला माफी मे 78वे स्थत्रन्ता दिवस पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया और कैम्प कार्यालय पर स्वतंत्रता दिवस बडी धूमधाम से मनाया गया। झण्डारोहण कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी देहरादून के जिला अध्यक्ष सगीर मिर्जा, जिला प्रमुख महासचिव आरिफ वारसी, जिला कोषाध्यक्ष शशी कुमार यादव,, जिला उपाध्यक्ष आशु अंसारी, हारुन सलमानी, जिला मास्टर बिरमसिह जी निशार अहमद, युनुस खान, फुरकान अंसारी, जिला सचिव पुष्कर सिह, जिला सचिव राव दानिश, जिला कार्यकारिणी सदस्य मुकेश सिह, राव शाहिल, एसजीआरआर के पूर्व छात्र महासचिव अकमल अली, मुहम्मद दानिश, जिला प्रवक्ता मुहम्मद नासिर मसूरी,, गुलफाम शाह, समीर सलिक, ओमप्रकाश, आदि काफी सख्या मे कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

# मानवता की निस्वार्थ सेवा से बढकर कोई सेवा नहीः डॉ. अंसारी

संवाददाता

देहरादून। डॉ. एम. एस. अंसारी ने कहा कि रेडक्रॉस के सात सिद्धांतों पर चलते हुए मानवता की निस्वार्थ सेवा से बढ़कर कोई सेवा नहीं है।



आज यहां जिला रेडक्रॉस शाखा देहरादून एवं देवभूमि उत्तराखंड यूनिवर्सिटी द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, स्कूल ऑफ फार्मेसी एंड रिसर्च व देवभूमि मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के सहयोग से एक विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया मुख्य अतिथि स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग उत्तराखंड की महानिदेशक डॉ. तारा आर्या ने युवाओं से स्वैच्छिक रक्तदान के लिए अपील की और नशे की आदत से दूर रहने का आग्रह किया और संदेश दिया कि 'न खुद पीयेंगे, ना किसी को पिलाएंगे' ऐसा प्रयास सभी को करना होगा क्योंकि आप युवा ही इस राष्ट्र का भविष्य हैं। जिला रेडक्रॉस शाखा देहरादून के चेयरमैन व राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त डॉ. एम. एस. अंसारी ने कहा कि रेडक्रॉस के सात सिद्धांतों पर चलते हुए मानवता की निस्वार्थ सेवा से बढ़कर कोई सेवा नहीं है। स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में रक्तदान करने वाले सभी युवक एवं युवतियों को बधाई दी एवं दूसरों के लिए कल्याणकारी कार्य करने की अपील की है। उन्होंने यह भी कहा कि देवभूमि यूनिवर्सिटी में यूथ रेडक्रॉस की इकाई को सक्रिय किया जाएगा और उसके माध्यम से विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। स्टेट ब्लड ट्रांसफ्यूजन काउंसिल उत्तराखंड के निदेशक डॉ.एस.एस. कंडारी ने बताया कि 18 से 65 साल की अवस्था में स्त्री या पुरुष स्वैच्छिक रक्तदान कर सकते हैं पुरुषों द्वारा वर्ष में चार बार रक्तदान किया जा सकता है एवं महिलाओं द्वारा वर्ष में तीन बार रक्तदान किया जाना चाहिए। इस अवसर यूनिवर्सिटी की वाइस चांसलर प्रोफेसर (डॉ.) प्रीति कोठियाल, उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी एवं रेडक्रॉस राज्य कोषाध्यक्ष मोहन खत्री, प्रबंध समिति सदस्य एवं संेचुरियन ब्लड डोनर योगेश अग्रवाल, रेडक्रॉस सदस्य डॉ. शिफाअत अली, डॉ. जितेंद्र सिंह बुटोइया, जाहिद हुसैन, अनामिका सोनी गुप्ता, हुकम सिंह चौहान, दिगंबर सिंह पंवार एवं रक्तदान शिविर के आयोजन सचिव कार्यक्रम अधिकारी एन एस एस भूपेंद्र कुमार इत्यादि ने शिविर में सक्रिय सहयोग प्रदान किया। स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में सुभारती हॉस्पिटल ब्लड बैंक, मान्या चौरिटेबल ब्लड सेंटर, दून हॉस्पिटल ब्लड बैंक एवं इंद्रेश हॉस्पिटल ब्लड बैंक की टीम द्वारा 200 यूनिट ब्लड एकत्रित किया गया।

# पुलिस द्वारा निष्ठापूर्वक हर्ष के साथ मनाया 78वां स्वतंत्रता दिवस

संवाददाता

टिहरी। 78वें स्वतंत्रता दिवस पर टिहरी पुलिस ने हर्ष व उल्लास मनाते हुए ध्वजारोहण किया। आज यहां 78वें स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर नवनीत सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद टिहरी गढ़वाल द्वारा पुलिस लाईन चंबा में ध्वजारोहण किया गया। एसएसपी द्वारा समस्त अधिकारी/कर्मचारियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई देते हुए, देश की स्वतंत्रता के लिए अपने प्राण न्यौछावर करने वाले



शहीदों को याद कर देश की एकता, अखंडता एवं आपसी सौहार्द्र बनाये रखने तथा अपने कर्तव्य का निर्वहन पूरी ईमानदारी, सत्यनिष्ठा एवं मित्रवत व्यवहार से करने हेतु निर्देशित किया गया। जिससे कि आमजन अपने समस्त कार्यों को पूरी स्वतंत्रता व निडरता के साथ कर सकें। तदोपरान्त एसएसपी द्वारा समस्त अधिकारी/कर्मचारियों को मिष्ठान वितरित कराया गया। एवम पुलिस कर्मियों को 'नशा मुक्त भारत' की शपथ दिलाई व सभी अधिकारियों व कर्मचारियों से भारत को नशामुक्त बनाने में सहयोग करने हेतु अपील की गई। इसके अतिरिक्त पुलिस कार्यालय नई टिहरी में जे आर जोशी, द्वारा ध्वजारोहण कर 78वें स्वतंत्रता दिवस की बधाई देते हुए अधिकारी/कर्मचारियों को मिष्ठान वितरित किया गया। जनपद के समस्त थाना/चौकी/फायर स्टेशन के प्रभारियों द्वारा अपने-अपने थाना/चौकी/फायर स्टेशनों में स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर राष्ट्रीय ध्वज को सम्मानपूर्वक फहराया गया व मिष्ठान वितरित किया गया।

# पुलिस लाइन में ध्वजारोहण कर अमर शहीदों को किया याद

हमारे संवाददाता

देहरादून। 78 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर एसएसपी देहरादून अजय सिंह द्वारा पुलिस लाइन देहरादून ध्वजारोहण कर अमर शहीदों को याद किया गया। साथ ही पूर्ण कर्तव्यनिष्ठा के साथ देश सेवा तथा अपने कर्तव्यों का पालन करने के लिए उपस्थित पुलिस कर्मियों को प्रेरित किया गया।


78वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून द्वारा पुलिस लाइन देहरादून में शहीदों को नमन करते हुए ध्वजारोहण किया गया। इस दौरान एसएसपी देहरादून अजय सिंह द्वारा उपस्थित सभी अधिनस्थों को कर्तव्यनिष्ठा एवं देश सेवा की शपथ दिलाई गई। ध्वजारोहण कार्यक्रम के दौरान एसएसपी देहरादून द्वारा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर उत्कृष्ट कार्यों के लिए

▶▶ शेष पृष्ठ 7 पर




उत्तराखण्ड शासन
सभी देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की
हार्दिक शुभकामनाएँ
"मैं, भारत माता की स्वाधीनता के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले सभी अमर शहीदों, महान स्वतन्त्रता सेनानियों तथा स्वतन्त्र भारत की सुरक्षा एवं अखंडता में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने वाले सभी वीर सैनिकों को नमन् करता हूँ। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में नए भारत के निर्माण में नए उत्तराखण्ड का योगदान अमूल्य है। आइए, स्वतंत्रता दिवस के पावन पर्व पर हम उत्तराखण्ड को देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने के विकल्प रहित संकल्प को लेकर राष्ट्रीय पर्व को धूमधाम से मनाएँ।"
जय हिन्द, जय उत्तराखण्ड
पुष्कर सिंह धामी
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड
आओ, मिलकर फहराएँ
हर घर तिरंगा
15 अगस्त 2024
"21वीं सदी के विकसित भारत के निर्माण के दो प्रमुख स्तंभ हैं। पहला, अपनी विरासत पर गर्व और दूसरा, विकास के लिए हर संभव प्रयास। आज उत्तराखण्ड, इन दोनों ही स्तंभों को मजबूत कर रहा है। ये दशक उत्तराखण्ड का दशक होगा।"
नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री
विकसित भारत - सशक्त उत्तराखण्ड

- प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में उत्तराखण्ड ग्लोबल इन्वेस्टर समिट-2023 के दौरान राज्य सरकार के साथ कुल 3.5 लाख करोड़ रुपये के हुए निवेश समझौते। जिसमें 81 हजार करोड़ के समझौते की ग्राउण्डिंग।
- प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में श्री केदारनाथ धाम का हुआ भव्य एवं दिव्य पुनर्निर्माण कार्य। बद्रीनाथ धाम में मास्टर प्लान के तहत विकास कार्य गतिमान।
- प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के आदि कैलाश और जागेश्वर धाम के दर्शन के बाद मानसखंड यात्रा को मिली नई पहचान।
- चार धामों की कनेक्टिविटी के लिए ऑल वेदर रोड का हुआ निर्माण। ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल लाइन का निर्माण कार्य तथा टनकपुर-बागेश्वर रेललाइन सर्वे का कार्य गतिमान।
- नैनीताल जिले की बहुद्देशीय जमरानी बांध परियोजना को प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के अंतर्गत मिली मंजूरी।
- उत्तराखण्ड जल विद्युत निगम की लखवाड परियोजना पर कार्य प्रारंभ।
- उत्तराखण्ड को दो वंदे भारत ट्रेन की मिली सौगात। देहरादून से दिल्ली एवं देहरादून से लखनऊ का सफर हुआ आसान।
- देहरादून-दिल्ली एक्सप्रेस वे (इकोनॉमिक कारिडोर) का निर्माण कार्य तेजी से जारी, 2 से 2.5 घंटे में सफर होगा पूरा।
- पर्वतीय क्षेत्रों में रोपवे नेटवर्क निर्माण के लिए पर्वत माला परियोजना को मिली मंजूरी। श्री केदारनाथ, हेमकुंड साहिब एवं पूर्णागिरी मंदिर रोपवे के निर्माण कार्य का हुआ शिलान्यास।
- उधमसिंहनगर के किच्छा क्षेत्र में एम्स के सैटेलाइट सेंटर का निर्माण कार्य गतिमान। वाइब्रेंट विलेज योजना के तहत उत्तराखण्ड के सीमांत गाँवों का हो रहा चहुँमुखी विकास।
- जौलीग्रांट एयरपोर्ट एवं पंतनगर एयरपोर्ट को अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट के रूप में विकसित करने हेतु कार्य गतिमान।
- प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने दिया वेड-इन-उत्तराखण्ड का मंत्र। जिसके तहत राज्य सरकार नए वेडिंग डेस्टिनेशन कर रही विकसित।



**नीति आयोग, भारत सरकार की ओर से एसडीजी 2023-24 की रिपोर्ट जारी की गई है।**

**रिपोर्ट में उत्तराखण्ड ने सतत विकास लक्ष्यों की कसौटी पर खरा उतरते हुए पूरे देश में पहला स्थान हासिल किया है।**

सूचना एवं लोक संपर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी।

www.uttarainformation.gov.in uttarakhandDIPR DIPR_UK uttarakhand DIPR

# नाक से खून बहने पर क्या करें

गर्मी में कुछ लोगों की नाक से खून बहने लगता है। अचानक नाक से खून आने को नकसीर फटना कहते हैं। गर्मी में इस प्रकार की परेशानी ज्यादा होती है। वहीं कुछ लोगों को गर्म चीजें खाने से भी नकसीर आती है। बार-बार नाक से खून आना या नकसीर बहना ठीक नहीं होता। इससे शरीर में कमजोरी आती है।

क्या है ये बिमारी

नाक के अंदर मौजूद सतह की खून की वाहिनियां फटने के कारण नकसीर की समस्या होती है। हालांकि यह एक आम समस्या है लेकिन यदि बार-बार नकसीर का होना सेहत के लिहाज से ठीक नहीं है। इसका उपचार आवश्यक है। अधिक गर्मी में रहना, ज्यादा तेज मिर्च मसालों का सेवन करना, नाक पर चोट लगना और जुकाम बिगड़ जाने से भी नकसीर की समस्या होती है। इसके अलावा दिमाग में अचानक से चोट लग जाने की वजह से भी नकसीर फूट जाती है।

लक्षण

ऐसा नहीं है कि नकसीर से पहले कोई उपाय नहीं किया जा सकता है नाक से खून निकलने से पहले ही शरीर में कुछ लक्षण दिखाई देने लगते हैं जो नकसीर फूटने का संकेत हो सकते हैं। इसमें चक्कर आना, सिर का भारी लगना और दिमाग का घूमना शामिल है।

रोकने के उपाय

नाक से खून या नकसीर रोकने के घरेलू उपाय हैं

नकसीर आने पर नाक की बजाय मुंह से सांस लेना चाहिए।

प्याज को काटकर नाक के पास रखने और सूंघेने से नाक से खून आना बंद हो जाता है।

नाक से बहने पर सिर को आगे की ओर झुकाना चाहिए।

बेल के पत्तों का रस पानी में मिलाकर पीने से फायदा होता है.

गर्मियों के मौसम में सेब के मुरब्बे में इलायची डालकर खाने में नकसीर बंद हो जाती है.

बेल के पत्तों को पानी में पकाकर उसमें मिश्री या बताशा मिलाकर पीने से नकसीर बंद हो जाती है. ज्यादा तेज धूप में घूमने की वजह से नाक से खून बह रहा हो तो सिर पर ठंडा पानी डालने से नाक से खून बहना बंद हो जाता है। नकसीर आने पर कपड़े में बर्फलपेटकर रोगी की नाक पर रखने से भी नकसीर रूक जाती है।

एक बड़ा चम्मच मुलतानी मिट्टी रात को आधा लीटर पानी में भिगोकर रख दें। सुबह को उस पानी को निथारकर पीने से नाक से खून आने की परेशानी से फायदा मिलेगा। लगभग 15-20 ग्राम गुलकंद को सुबह-शाम दूध के साथ खाने से नकसीर का पुराने से पुराना रोग भी ठीक हो जाता है।

# टॉन्सिल से बचाव व घरेलू उपचार

बच्चों में रोगप्रतिरोधक छमता कम होने से टॉन्सिल संक्रमण होता रहता है पर कुछ घरेलु उपचार से इसे आसानी से ठीक किया जा सकता है। टॉन्सिल में सूजन होने से गले में बहुत दर्द होता है विशेषकर जब हम कुछ खाते हैं। टॉन्सिल होने पर आहार का स्वाद भी पता नहीं चलता है। टॉन्सिल की समस्या मुख्यता ठंडे पदार्थों चावल, मैदा और खट्टी वस्तुओं के अत्यधिक सेवन के कारण होती है। मौसम के अचानक बदलने से, दूषित वातावरण के संपर्क में आने से और कई बार बुखार की वजह से भी टॉन्सिल हो जाता है। अगर आपके बच्चे के गले के दोनों तरफसूजन जैसा प्रतीत हो। उसके गले में दोनों तरफदर्द महसूस हो रहा हो। तथा दर्द की वजह से अगर उसे बार-बार बुखार भी हो रहा है। तो इसका मतलब आपके बच्चे को टॉन्सिल की समस्या हो सकती है। बच्चे में टॉन्सिल के आम लक्षण दिखने पर आप उसे डॉक्टर के पास ले जाने के साथ ही

कुछ घरेलू उपचार भी कर सकते हैं।

अपने बच्चे को ना तो कोई ठंडा आहार दें और ना ही उसे कुछ भी ठंडा पीने के लिए दें।

बच्चे को दही और मलाई वाला दूध ना दे।

बच्चे को धुंए, प्रदूषण और धूल वाली जगह से दूर रखें।

उसे मसालेदार खाना और तली हुई चीजों से दूर रखें।

हल्के गर्म पानी में एक चम्मच नमक घोल कर उससे गार्गल कराएं। इससे आपके बच्चे को गले की सूजन में बहुत राहत मिलेगा। नमक पानी के गार्गल से बैक्टीरिया को फैलने का मौका नहीं मिलता है इसी के साथ नमक के पानी का गार्गल, गले के दर्द को भी कम करता है। दालचीनी को किस करके उसका पाउडर बना लीजिए। चुटकी भर पाउडर में शहद मिलाकर प्रतिदिन तीन बार दें।

एक गिलास पानी में एक चम्मच अजवायन उबाल कर उस पानी से शिशु को गार्गल करने को कहें। इससे टॉन्सिल में आराम मिलेगा।


## वैधानिक सूचना

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गए तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन व लेख में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो *सांध्य दैनिक दून वैली मेल* के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

–प्रबंधक विज्ञापन


# 78वें स्वतंत्रता दिवस हर्ष और उल्लास के साथ मनाते हुए किया ध्वजारोहण



संवाददाता

हरिद्वार। 78वें स्वतंत्रता दिवस पर प्रथम वेंडिंग जोन प्रांगण में बने स्वतंत्रता सेनानी पार्क में लघु व्यापार एसोसिएशन ने ध्वजारोहण किया।

आज यहां 78वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रथम वेंडिंग जोन प्रांगण नया स्वतंत्रता सेनानी पार्क टैक्सी मैक्सी यूनियन चण्डी घाट मलिन बस्ती बिरला चौक इत्यादि क्षेत्रों में लघु व्यापार एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष संजय चोपड़ा द्वारा राष्ट्रीय ध्वजारोहण कर वीर अमर शहीदों को शत शत नमन करते हुए स्वतंत्रता दिवस पर एक दूसरे को बधाई दी। देश को शक्तिशाली बनाए जाने के अभियान में असंगठित क्षेत्र के कामगार रेडी पटरी के (स्ट्रीट वेंडर्स) लघु व्यापारियों को भी शपथ दिलाकर संकल्पित कियाइस अवसर पर लघु व्यापार एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष संजय चोपड़ा ने कहा कि रेड़ी पटरी के (स्ट्रीट वेंडर्स) लघु व्यापारियों के संघर्ष की बदौलत हमें चार वेडिंग जोन मिले है। आने वाले दिनों में संघर्ष की राह पर चलकर प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर योजना, राष्ट्रीय आजीविका मिशन, राष्ट्रीय पथ विक्रेता संरक्षण अधिनियम को पूरे उत्तराखंड राज्य के सभी शहरी नगर निकायों में क्रियान्वित किए जाने को लेकर प्रयास जारी रहेंगें। संजय चोपड़ा ने कहा राज्य सरकार द्वारा रुड़की हरिद्वार विकास प्राधिकरण की अगुवाई में देश के वीर सपूत स्वतंत्रता सेनानियों की याद में छोटे-छोटे पार्क विकसित किए गए थे लेकिन पार्कों का रखरखाव न होने के कारण पार्कों का उद्देश्य धूमिल हो रहा है। उन्होंने राज्य सरकार से मांग की पूर्व में स्वतंत्रता सेनानियों की याद में विकसित किए गए सभी पार्कों का संज्ञान लेकर पार्कों की रखरखाव की व्यवस्था को सुनिश्चित किया जाना न्याय संगत होगा।

78वें स्वतंत्रा दिवस के राष्ट्रीय ध्वजा रोहण कार्यक्रम में मनोज मंडल, राजकुमार एंथनी, मोहनलाल, मनीष शर्मा, जय सिंह बिष्ट, बलबीर गुप्ता, चंदन सिंह रावत, श्रीमती पूनम मक्खन, संगीता चौहान, मंजू पाल, श्रीमती सुमन गुप्ता, पुष्पा दास, पार्वती देवी, कामिनी मिश्रा, श्रीमती सीमा देवी, रामेश कोरी,ओम प्रकाश भाटिया,श्रीमती नम्रता सरकार, नईम सलमानी, आजम खान, वीरेंद्र पुरी, राजकुमार चौधरी, गौरव चौहान, सोनू, वीरेंद्र सिंह आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे।

# चोरी के वाहन के साथ नागालैंड का युवक गिरफ्तार



संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने नागालैंड के युवक को चोरी के वाहन के साथ गिरफ्तार कर उसको न्यायालय में पेश किया जहां से उसको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली ऋषिकेश में रवि कुमार निवासी सुभाष बनखण्डी निकट रॉयल बैकरी के पास ऋषिकेश द्वारा प्रार्थना पत्र दिया कि उन्होंने अपनी टाटा सूमो हरीशचन्द्र स्कूल विलाना होटल रेलवे रोड ऋषिकेश के पास खडी की थी, वे उक्त स्थान पर अपनी टाटा सूमो को देखने गये तो उनका वाहन उक्त स्थान पर खडा नही था, जिसे किसी के द्वारा चोरी कर लिया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

वाहन चोरी की घटना के सफल खुलासे और आरोपी की गिरफ्तारी के संबंध में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रभारी निरीक्षक ऋषिकेश को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गए। जिस पर घटना के खुलासे हेतु ऋषिकेश पुलिस तथा एस. ओ.जी देहात की संयुक्त टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा वाहन चोरी की घटनाओं में पूर्व में जेल गए आरोपियों की स्थिति की जानकारी उनके सत्यापन की कार्यवाही की गई, साथ ही घटनास्थल के आसपास लगे संस्थाओं, घरों, दुकानों आदि में लगे 70 सीसीटीवी कैमरों का बारीकी से विश्लेषण करते हुए आरोपी के घटना के बाद भागने के रास्तों की जानकारी की गई।

इस दौरान उक्त टाटा सुमो में लगे फास्टैग का प्रत्येक टोल प्लाजा से पैसे कटने का मैसेज उसके फोन में आ रहा था, जिसकी जानकारी मिलते ही गठित टीम द्वारा उस रास्ते पर गाड़ी का पीछा किया गया, तो पीडित के मोबाइल पर अंतिम टोल का मैसेज तिरिया खेतल का मिलने पर पुलिस टीम के द्वारा फतेहगंज उत्तर प्रदेश के राष्ट्रीय राजमार्ग पर उक्त वाहन की तलाश की गई तो थिरिया खेतल टोल से एक किलोमीटर पहले कच्चे मार्ग पर उक्त टाटा सुमो खड़ी दिखाई दी, जिसके अंदर सीसीटीवी कैमरे में दिखाई देने वाला आरोपी ड्राइवर सीट पर सोता मिला, जिसको पुलिस द्वार मौके से गिरफ्तार किया गया।

पूछताछ में उसने अपना नाम एकोन थंग उर्फ सशु पुत्र रखेल लोठा निवासी ग्राम पोगीटोंग, थाना व जिला ओखा, नागालैंड बताया। उसके द्वारा बताया गया कि वह नागालैंड निवासी है तथा वर्तमान में नोएडा दिल्ली में रह रहा था, घटना के दिन वह ऋषिकेश घूमने के लिए आया था, तथा शाम और रात्रि में पुराना रेलवे स्टेशन रोड पर घूमते हुए उसे एक टाटा सुमो गाड़ी खड़ी दिखाई दी, जो एकांत स्थान में खड़ी थी। उसके द्वारा उक्त वाहन को चोरी करने की योजना बनाई तथा अकेले ही गाड़ी को चोरी कर ले गया। वह उक्त टाटा सुमो को बेचने के लिए बिहार ले जा रहा था, जहां उक्त टाटा सूमो को बेचकर वह वहां से नागालैंड भागने की फिराक में था। पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसको न्यायालय में पेश किया जहां से उसको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

# नर्स के साथ दुष्कर्म व हत्या का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

हमारे संवाददाता

उधमसिंहनगर। बंगाल के मेडिकल कालेज में नर्स की रेप के बाद हुई हत्या के मामला अभी शांत भी नहीं हुआ था, कि उत्तराखंड से भी एक ऐसा ही क्रूरता का मामला सामने आया है। यहां उधम सिंह नगर के रुद्रपुर स्थित अस्पताल में काम करने वाली 33 वर्षीय नर्स की रेप के बाद हुई हत्या के मामले ने सभी को झकझोर दिया है। पुलिस ने मामले में एक आरोपी को कड़ी मशक्कत के बाद राजस्थान से गिरफ्तार कर लिया है। जिसे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टीसी ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद उधम सिंह नगर के रूद्रपुर स्थित निजी अस्पताल में काम करने वाली 33 वर्षीय महिला नर्स की गुमशुदगी की सूचना बिलासपुर, डिबडिबा, यूपी निवासी नर्स की बहन ने 30 जुलाई को ऊधम सिंह नगर पुलिस को दी। तहरीर के आधार पर छानबीन में जुटी पुलिस को सीसीटीवी तलाशने पर नर्स उत्तराखंड के रुद्रपुर स्थित अस्पताल से ड्यूटी खत्म होने के बाद बार्डर से सटे उत्तर प्रदेश के बिलासपुर डिबडिबा स्थित अपने घर की तरफ जाती हुई दिखाई दी। मामले की जांच कर रही ऊधम सिंह नगर पुलिस को 8 अगस्त को सूचना प्राप्त हुई की बिलासपुर की झाड़ियां में एक महिला का शव पड़ा हुआ है। महिला की शिनाख्त 33 वर्षीय नर्स के रूप में हुई, जो 30 जुलाई से अपने घर लौटते वक्त लापता हो गई थी। महिला का फोन, गहने और पर्स से कुछ रूपए भी गायब थे। जिस पर पुलिस ने हत्यारे की तलाश शुरू कर दी गयी। महिला के फोन की लोकेशन ट्रेस करने पर राजस्थान दिखाई दी। जांच में पता चला कि हत्या का आरोपी धर्मेंद्र कुमार पुत्र पूर्ण लाल निवासी दुरसा पट्टी, शाही साही, बरेली का है। जो जगह-जगह ठिकाने बदल रहा है और वह वर्तमान में रुद्रपुर तथा बिलासपुर क्षेत्र में भूसा एवं लकड़ी के काम में मजदूरी करता है। जिसे कड़ी मशक्कत के बाद सीसीटीवी वी टेक्निकल टीम की मदद के आधार पर राजस्थान से गिरफ्तार कर लिया गया। एसएसपी ने मीडिया को बताया कि सड़क पर अकेली जाती महिला को देखकर हत्यारोपी धर्मेंद्र ने महिला का पीछा किया और सुनसान जगह देखकर झाड़ियों में ले जाकर उसके साथ बलात्कार किया तथा उसके स्कार्फ से ही उसकी गला दबाकर बेरहमी से उसकी हत्या कर दी। उन्होंने बताया कि हत्यारोपी का महिला से कोई भी संबंध या पूर्व में कोई जान पहचान नहीं थी और वह नशे का आदी था। सड़क पर अकेली जाती महिला को देखकर उसने उसे हवस का शिकार बनाया और नशे की आदत पूरी करने के लिए हत्या के बाद किमती सामान लेकर वहां से फरार हो गया।



## शहीद दीपक का पार्थिव शरीर दून.... ◀◀ पृष्ठ 1 का शेष

के लिए इससे ज्यादा बड़ा गर्व का क्षण कोई नहीं हो सकता है लेकिन बेटे के चले जाने का दुख एक पिता ही समझ सकता है। उल्लेखनीय है कि बुधवार को सेना को एक सूचना मिली थी कि डोडा के उधमपुर की तहसील रामनगर के डूडू वसंत गढ़ की पहाड़ियों में कुछ आतंकी छिपे हुए हैं। इस सूचना पर सेना द्वारा जब सर्च अभियान चलाया गया तो आतंकियों के साथ सेना के जवानों की मुठभेड़ हो गई। जिसमें एक आतंकी को मार गिराया गया। दीपक रावत गंभीर रूप से घायल होने के कारण सैन्य अस्पताल में भर्ती कराए गए थे जहां इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया था। सेना के जवान व अधिकारी आज उनका शव लेकर देहरादून जौली ग्रांट पहुंचे जहां से उनका पार्थिव शरीर उनके आवास लाया गया है। उनका अंतिम संस्कार आज ही हरिद्वार में किया जाएगा।

## उत्तराखंड में जश्न-ए-आजादी की... ◀◀ पृष्ठ 1 का शेष

रहे हैं। उन्होंने कहा की नीति आयोग के आंकड़ों में हम विकसित राज्य की श्रेणी में नंबर वन पर है। उन्होंने मोदी के उसे बयान का भी जिक्र किया जिसमें उन्होंने कहा था कि 21वीं सदी का तीसरा दशक उत्तराखंड के विकास का दशक होगा। सीएम धामी ने इस अवसर पर यूसीसी लागू करने वाला उत्तराखंड देश का पहला राज्य बनने से लेकर अपने लव जिहाद और लैंड जिहाद के खिलाफ उठाए गए सख्त कदमों तथा नकल रोधी कानून बनाने से लेकर दंगा नियंत्रण कानून तक का जिक्र किया और कहा कि उनकी सरकार हर संभव प्रयास कर रही है कि उत्तराखंड तेजी से आगे बढ़े। राज्य के तमाम जिला मुख्यालयों से भी राज्य में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाए जाने की खबरें हैं। राज्य भर के स्कूलों और कॉलेजों में इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किए जाने और ध्वजारोहण करने की खबरें हैं।

## पुलिस लाइन में ध्वजारोहण कर अमर... ◀◀ पृष्ठ 3 का शेष

राष्ट्रपति पदक, मुख्यमंत्री उत्कृष्ट सेवा पदक, उत्कृष्ट सेवा चिन्ह तथा सराहनीय सेवा चिन्ह प्राप्त करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों के नामों को पढ़कर उपस्थित अधिकारियोंव व कर्मचारियों को अवगत कराया गया।

वहीं जनपद देहरादून के सभी थाना, चौकियो व कार्यालयों में भी स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर उपस्थित अधिकारियों द्वारा झंडारोहण कर उपस्थित पुलिस कर्मियों को शपथ दिलाई गई, साथ ही देश की स्वतंत्रता के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले अमर शहीदों को याद कर उन्हें नमन किया गया।

# राजकीय महाविद्यालय नरेंद्र नगर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया 78वां स्वतंत्रता दिवस

कार्यालय संवाददाता

नरेन्द्रनगर। कॉलेज प्राचार्य प्रोफेसर राजेश कुमार उभान ने प्रात 9 बजे प्रात: ध्वजारोहण किया। उसके उपरांत उपस्थित जनों के समक्ष कॉलेज समारोहक द्वारा उच्च शिक्षा निदेशक, उत्तराखंड के संदेश का वाचन किया गया।

इस अवसर पर कॉलेज परिवार द्वारा एक भव्य प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। छात्रों, अध्यापकों और कर्मचारियों ने हाथों में तिरंगा लेकर रैली निकाली। स्वतंत्रता संग्राम के शहीदों के सम्मान में गगनभेदी नारों से रैली में हर्ष और उमंग का वातावरण बना रहा।



कॉलेज परिसर में रैली के समापन के पश्चात भाषण और रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए प्राचार्य प्रोफेसर राजेश कुमार उभान ने कहा कि देश और समाज में उपलब्ध संसाधनों का अधिकतम उपयोग कर हमें विकसित भारत की ओर अग्रसर होना है। छात्रों में दिशा एवं दीपिका ने भाषण देकर उपस्थित जनों का मन मोह लिया। वहीं छात्रा सुनीता थापा ने आयो रे शुभ दिन, आयो रे... देश मेरा रंगीला, जय हो....देशभक्ति गानों पर सुंदर नृत्य किया।

इस अवसर पर डॉ राजपाल रावत, डॉ विक्रम सिंह बर्तवाल , डॉ विजय प्रकाश भट्ट, प्रधान सहायक शूरवीर दास ने अपने विचार प्रकट करते हुए वीर शहीदों के त्याग और बलिदान की गाथाओं को याद करते हुए विकसित भारत का संकल्प लिया। इसके अलावा कालेज परिसर में स्वच्छता का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रमों के अंत में मिष्ठान वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। सांस्कृतिक समिति की संयोजक डॉ. आराधना सक्सेना के नेतृत्व में संपूर्ण कार्यक्रमों का संपादन किया गया। इस दौरान कॉलेज के समस्त प्राध्यापक कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. जितेंद्र नौटियाल ने किया। संपूर्ण कार्यक्रम में राजकीय महाविद्यालय ब्रह्मखाल की शिक्षिका डॉ. सपना कश्यप विशेष रूप से मौजूद रही।इ सके साथ ही 78 वें स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रमों का समापन हो गया।

# कचहरी परिसर में जिलाधिकारी ने किया ध्वजारोहण

संवाददाता

देहरादून। 78वें स्वतंत्रता दिवस पर जिलाधिकारी श्रीमती सोनिका ने कचहरी परिसर में ध्वजारोहण किया।

आज यहां 78 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी श्रीमती सोनिका ने कलेक्ट्रेट परिसर में अधिकारी एवं कर्मचारियों के साथ ध्वजारोहण किया। जिलाधिकारी ने समस्त देश, राज्य एवं जनपद वासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामना दी। जिलाधिकारी ने अपने सम्बोधन में कलेक्ट्रेट परिसर अवस्थित सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों को कर्तव्यनिष्ठ होकर दायित्वों का निर्वहन करने का संदेश दिया। इस दौरान जिलाधिकारी ने 'हरघर तिरंगा' हस्ताक्षर पठ पर हस्ताक्षर भी किये। जिलाधिकारी ने अपने सम्बोधन में कहा कि हम सभी की जिम्मेदारी महत्वपूर्ण है इसलिए जो



अधिकारी एवं कार्मिक जिस भी पटल रहे वह जनमानस के प्रति अपने व्यवहार में नरमी रखते हुए उनकी समस्याओं को ध्यान से सुने तथा समस्याओं के समाध ान हेतु पूर्ण कर्तव्यनिष्ठा के साथ कार्य करें। हमारे एक ईमानदार प्रयास से जहां जनमानस की समस्याएं का समाधान होता है वहीं हमे भी इसकी प्रसन्नता होती है। जिलाधिकारी स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राज्य एवं जनपद वासियों से राज्य को नशामुक्त बनाने का संकल्प लेते हुए जिला प्रशासन की इस मुहिम से जुड़कर नशामुक्त भारत अभियान में सहयोगी बनाते हुए अपने क्षेत्र एवं समाज में लोंगों को जागरूक भी करें। इ स अवसर पर उप जिलाधिकारी मुख्यालय शालिनी नेगी, मुख्य व्यैक्तिक अधिकारी वीरेन्द्र सिंह, मुख्य कोषाधिकारी नीतू भण्डारी, सहायक निदेशक सूचना बी.सी नेगी, जिला प्रोबेशन अधिकारी मीना बिष्ट, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी बुद्धिराम, रमेश भट्ट, राजेन्द्र रावत, सुशील बडोनी, आकांशा वर्मा, राजेन्द्र जोशी, आशीष, सहित कलेक्ट्रेट परिसर स्थित समस्त कार्यालयों के अधि कारी एवं कर्मचारी, सूचना विभाग कार्मिक एवं अन्य जनमानस उपस्थित रहे।

# केदार घाट पर गंगा विचार मंच उत्तराखण्ड के तत्वाधन में लहराया गया तिरंगा

कार्यालय संवाददाता

उत्तरकाशी। जलशक्ति मंत्रालय, राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन नमामि गंगे द्वारा मां गंगा के बहाव वाले पांच राज्यों उत्तराखण्ड, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल में मां गंगा के तट पर नमामि गंगे योजना के तहत बने घरों पर हर घर तिरंगा हर घाट तिरंगा कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

इसी हर घर तिरंगा हर घाट तिरंगा कार्यक्रम के तहत आज मां गंगा के मायके उत्तरकाशी में गंगा विचार मंच के प्रान्त संयोजक लोकेंद्र सिंह बिष्ट के नेतृत्व में भी नमामि गंगे योजना के तहत बने केदार घाट पर गंगा विचार मंच उत्तराखण्ड के तत्वाधान में तिरंगा लहराया गया। मां गंगा के तट पर गंगा विचार मंच के कार्यकर्ताओं और नगर पालिका प्रशासन ने केदार घाट पर 200 तिरंगे फहराए।

हर घर तिरंगा हर घाट तिरंगा कार्यक्रम



में उत्तराखंड सरकार के शहरी विकास मंत्री माननीय प्रेम चंद अग्रवाल भी शामिल हुए। शहरी विकास मंत्री ने उपस्थित गंगा विचार मंच के कार्यकर्ताओं और बीजेपी कार्यकर्ताओं, गंगा प्रहरियों को मां गंगा जी की स्वछता के लिए गंगा शपथ दिलवाई।

गंगोत्री के विधायक सुरेश चौहान जी के साथ गंगा विचार मंच के लोगों ने मां गंगा की पूजा अर्चना की। कार्यक्रम में गंगा विचार मंच के प्रान्त संयोजक लोकेंद्र सिंह बिष्ट, जिला संयोजक जयप्रकाश भट्ट, जिलाध्यक्ष सतेंद्र सिंह राणा, देशराज बिष्ट, राजीव बहुगुण, विक्रम पंवार, ललिता सेमवाल, सरिता पडियार, विजय संतरी, राजेंद्र गंगाड़ी, खुसाल सिंह नेगी, कृपा राम सेमवाल, हरीश डंगवाल सहित लगभग 200 गंगा प्रहरियों वा गंगा प्रेमियों वा बीजेपी कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया।

## एक नजर

# शेख हसीना के खिलाफ इंटरनेशनल क्रिमिनल ट्रिब्यूनल में नरसंहार का केस दर्ज

ढाका। बांग्लादेश में हिंसक प्रदर्शन के बाद शेख हसीना को ढाका छोड़कर भागना पड़ा, लेकिन इसके बाद भी शेख हसीना की मुश्किलें कम नहीं हो रहीं। हिंसक प्रदर्शन में मारे गए लोगों के लिए शेख हसीना को जिम्मेदार ठहराया गया है। इसको लेकर इंटरनेशनल क्रिमिनल ट्रिब्यूनल में पूर्व पीएम शेख हसीना और अन्य पर नरसंहार और मानवता के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। सरकारी समाचार एजेंसी बीएसएस के मुताबिक, इस केस में आरोप लगाया गया है कि शेख हसीना की सरकार ने छात्रों के आंदोलन के दौरान नरसंहार और मानवता के खिलाफ अपराध किया था। एक अधिकारी ने कहा कि ये शिकायत उन छात्रों में से एक के पिता ने दर्ज कराई है, जिनका बेटा विरोध प्रदर्शन के दौरान पुलिस की गोलियों से मारा गया। अधिकारी ने बताया कि शिकायत में शेख हसीना और अन्य लोगों पर 15 जुलाई से 5 अगस्त के बीच सामूहिक हत्याओं को अंजाम देने का आरोप लगाया गया है। इसमें अवामी लीग के महासचिव ओबैदुल कादर, पूर्व गृह मंत्री असदुज्जमां खान कमाल, सूचना एवं प्रसारण के पूर्व मंत्री मोहम्मद अली अराफात, आईसीटी मामलों के पूर्व मंत्री जुनैद अहमद पलक और बर्खास्त पुलिस प्रमुख चौधरी अब्दुल्ला अल मामून समेत कई वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के नाम शामिल हैं।



# फ्रांस के आसमान में टकराए दो राफेल विमान, 2 पायलटों की मौत

नई दिल्ली। फ्रांस में दो राफेल विमानों की टक्कर हुई । जिसके बाद हर तरफ हड़कंप मच गया। इस घटना में 2 पायलटों की मौत हो गई। फ्रांस के राष्ट्रपति ने दोनों शहीदों को श्रद्धांजली अर्पित की है। ये हादसा रात को करीब 10:30 बजे हुआ। जब दो राफेल विमान फ्रांस के उत्तर पूर्वी शहर कोलंबे लेस बेल्स पर उड़ान भर रहे थे। रात को 10:30 बजे दोनों राफेल विमान एक-दूसरे से टकरा गए। विमान की टक्कर से इलाके में भयानक विस्फोट देखने को मिला और आसमान से विमान के मलबे की बारिश होने लगी। विमान में मौजूद एक पायलट ने छलांग लगा दी। वहीं दो पायलट लापता थे। घायल पायलट को अस्पताल में भर्ती किया गया। जब कि बाकी बचे 2 पायलटों की खोज 10 घंटे तक जारी रही। 10 घंटे की तलाश के बाद दोनों पायलटों के शव बरामद किए गए। इस हादसे से पूरे इलाके में सनसनी का माहौल है। बता दें कि दोनों राफेल फाइटर जेट फ्रांसीसी वायु सेना के ट्रेनिंग सेंटर सेंट डिजियर आए थे। विमान में मौजूद पायलट ट्रेनिंग पर थे। हालांकि रात के अंधेरे में दोनों विमान एक-दूसरे से टकरा गए और ये भयानक दुर्घटना देखने को मिली।



# अहमदाबाद से मुंबई जा रही डबल डेकर ट्रेन हुई डिरेल

अहमदाबाद । गुजरात में गुरुवार सुबह उस वक्त बड़ा हादसा हो गया जब अहमदाबाद से मुंबई जा रही डबल डेकर ट्रेन (12932) डिरेल हो गई। यह घटना सुबह करीब 8:50 बजे गोठानगाम रेलवे स्टेशन के पास हुई। इस हादसे के बाद यात्रियों में हड़कंप मच गया। गनीमत रही कि किसी जान-माल के नुकसान की खबर नहीं है। जानकारी के अनुसार, यह घटना तब हुई जब ट्रेन का कपलर टूट गया। इस वजह से ट्रेन के कोच नंबर 07 और 08 चलती ट्रेन से अलग हो गए। हालांकि, ट्रेन की गति धीमी होने के कारण बड़ी दुर्घटना टल गई और कोई भी यात्री घायल नहीं हुआ। गोठानगाम स्टेशन के पास हुए इस हादसे के बाद यात्रियों में हड़कंप मच गया। हालांकि, ट्रेन के चालक दल और रेलवे स्टाफ ने त्वरित प्रतिक्रिया दी और स्थिति को नियंत्रित किया। रेलवे अधिकारियों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर आवश्यक जांच शुरू की। प्रारंभिक रिपोर्ट्स के अनुसार, यह हादसा ट्रेन के कपलर में तकनीकी खामी के कारण हुआ। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि जांच की जा रही है और जल्द ही वैकल्पिक कपलर जोड़कर यात्रा को शुरू किया जाएगा। 9 अगस्त को बिहार के कटिहार में उस वक्त एक बड़ा रेल हादसा टल गया था जब क्रॉस ओवर पर पेट्रोल से लदे 5 टैंकर पटरी से उतर गए थे। दरअसल, खुरियाल और कुमेदपुर बाइपास के पास मालगाड़ी संख्या (आईओआरजी बीटीपीएल) पटरी से उतर गई थी।



# पीएचक्यू में ध्वजारोहण कर दिलायी राष्ट्रीय एकता की शपथ




संवाददाता

देहरादून। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पुलिस मुख्यालय में डीजीपी अभिनव कुमार ने ध्वजारोहण कर राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलायी।

आज स्वतंत्रता दिवस-2024 के अवसर पर पुलिस मुख्यालय, उत्तराखण्ड देहरादून में आयोजित कार्यक्रम में अभिनव कुमार, पुलिस महानिदेशक, उत्तराखण्ड ने ध्वजारोहण कर सभी को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। इसके उपरान्त पुलिस महानिदेशक ने स्वतंत्रता दिवस 2024 के अवसर पर पुलिस कर्मियों को सराहनीय सेवा पदक एवं उत्कृष्ट/सराहनीय सेवा सम्मान चिन्ह प्रदान कर सभी पदक विजेताओं को बधाई दी। पुलिस महानिदेशक ने कहा कि आज हम सब यहां एकत्रित हुए हैं 15 अगस्त, स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर, जो हमारे देश के स्वाभिमान, बलिदान, और अदम्य साहस का प्रतीक है। सबसे पहले, मैं उन सभी वीर स्वतंत्रता सेनानियों को नमन करता हूं जिन्होंने अपनी जान की आहुति देकर हमें यह अमूल्य स्वतंत्रता दिलाई। आज, हमारे प्रदेश की सुरक्षा और शांति बनाए रखने में पुलिस बल की अहम भूमिका है। मैं गर्व के साथ कह सकता हूँ कि देवभूमि की संस्कृति के अनुरूप हमारी मित्र पुलिस निरंतर हर परिस्थिति में हर मौसम में तत्परता के साथ अपना योगदान देती है।

चार धाम यात्रा, कावड़ यात्रा, दैवीय आपदा सहित रूटीन की गतिविधियों में उत्तराखंड पुलिस प्रामाणिकता के साथ योगदान दे रही है। हमारी पुलिस बल का मुख्य उद्देश्य कानून और व्यवस्था को बनाए रखना, नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना, और अपराध को रोकना है। हाल के वर्षों में, तकनीक का इस्तेमाल भी पुलिस बल के कार्यों में तेजी और पारदर्शिता लाने के लिए किया गया है। डिजिटल प्लेटफार्मों और आधुनिक उपकरणों का प्रयोग करके, हमने अपराधों की जांच और अपराधियों को पकड़ने में काफी सफलता प्राप्त की है। उत्तराखण्ड पुलिस ने समाज में जागरूकता फैलाने, नशा मुक्ति अभियान, और पर्यावरण संरक्षण जैसे मुद्दों पर भी महत्वपूर्ण कार्य किए हैं। उन्होने कहा कि मैं इस अवसर पर विशेष रूप से जिक्र करना चाहूंगा अपने गोपनीय सहायक महेश सिहं के बेटे शहीद दीपक सिंह का, जिन्होंने 14 अगस्त 2024 को देश की रक्षा में सीमा पर आर्तकियों से लोहा लेते हुए कर्तव्य की वेदी पर अपने प्राणों की आहुति दी। उनके शौर्य, अदम्य साहस, और लीडरशिप पर हमें गर्व है। उत्तराखंड पुलिस परिवार और पूरा देश आपकी वीरता को नम आंखों से श्रद्धांजलि अर्पित करता है।

इस अवसर पर अमित सिन्हा, अपर पुलिस महानिदेशक, प्रशासन, वी मुरूगेशन, अपर पुलिस महानिदेशक, सीबीसीआईडी, ए पी अंशुमान, अपर पुलिस महानिदेशक, अपराध एवं कानून व्यवस्था, समस्त पुलिस महानिरीक्षक, पुलिस उप महानिरीक्षक सहित पुलिस मुख्यालय के समस्त अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पहाडी से गिरकर वृद्ध की मौत

संवाददाता

देहरादून। पहाडी से गिरकर वृद्ध की मौत होने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रात्रि में थाना त्यूणी को कंट्रोल रूम से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम अटाल निवासी बीरबल शर्मा आज प्रात: 10 बजे बकरियों को चराने हेतु जंगल गया था। शाम होते ही सारी बकरियां तो घर वापस आ गई किन्तु बीरबल शर्मा रात तक भी घर नहीं पहुंचे। सूचना पर थाना त्यूणी से पुलिस बल तत्काल मौके पर पहुंचा तथा पुलिस टीम व स्थानीय लोगों से साथ मिलकर रात्रि 03 बजे तक उक्त व्यक्ति की खोज हेतु जंगल में सर्च अभियान चलाया गया। किन्तु बीरबल शर्मा का कहीं कोई पता न चला। अत्यधिक रात एंव अंधेरा होने तथा जंगली जानवरों के खतरे की सम्भावना के दृष्टिगत अभियान को अगले दिन सुबह चलाया गया।

अगले दिन प्रात: पुन: सर्च अभियान के दौरान ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि गांव से करीब डेढ किलो मीटर दूर एक पहाडी के नीचे कोई व्यक्ति गिरा पडा है, जो सम्भवत: बीरबल शर्मा ही है। सूचना पर पुलिस टीम अन्य ग्रामीणो के साथ उक्त स्थान पर पहुंची तो पहाडी के नीचे पडे हुए बीरबल शर्मा का शव बरामद हुआ, जिसके शरीर पर पहाड की ऊंचाई से गिरने के निशान थे। शव का पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया तथा बाद पोस्टमार्टम मृतक के शव को उनके परिजनों के सुपुर्द किया गया।

# 78वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सचिवालय में किया ध्वजारोहण

हमारे संवाददाता

देहरादून। मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने सचिवालय में अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति में ध्वजारोहण करते हुए सभी को 78वें स्वतंत्रता दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी गयी। इस अवसर पर मुख्य सचिव श्रीमती रतूड़ी ने सचिवालय परिसर में पौधारोपण किया तथा स्कूली बच्चों को भी पौधे वितरित किए।



ध्वजारोहण कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने कहा कि यह हम सबके लिए अत्यन्त हर्ष का अवसर है कि भारत ने एक स्वतंत्र देश के रूप में 77 वर्ष पूर्ण कर लिए हैं। जहां आज पूरी दुनिया के विभिन्न देशों में युद्ध, अशान्ति व क्रान्ति जैसी घटनाएं घट रही हैं, वहीं हमारे देश में पिछले 77 वर्षों में एक मजबूत लोकतंत्र व शान्तिपूर्ण व्यवस्था की स्थापना हुई है। सबको समान अधिकार देने वाले संविधान के अर्न्तगत रहने वाले हम भारतीय सौभाग्यशाली हैं। हमें अपनी स्वतंत्रता का मूल्य समझना चाहिए। आज भी हमारे समक्ष निर्धनता, लैगिंक असमानता जैसी बहुत सी चुनौतियां हैं, जिनका हमें सफलतापूर्वक सामना करना है।

मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने कहा कि सतत विकास लक्ष्यों में उत्तराखण्ड को नीति आयोग द्वारा प्रथम स्थान दिया है। यह हम सभी के लिए गर्व का विषय है। यह हम सबकी उपलब्धि है। हम सबको मिलकर इस प्रथम स्थान को बरकरार रखना है। हमें एक टीम के रूप में करते हुए उत्तराखण्ड को नम्बर एक राज्य बनाने का संकल्प लेना है। सचिवालय में ध्वजारोहण के अवसर पर अपर मुख्य सचिव श्री आनन्द बर्धन सहित सभी अधिकारी व कर्मचारी तथा अन्य नागरिक मौजूद रहे।

**आर.एन.आई.-** 59626/94

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।

*प्रधान संपादक*
**कांति कुमार**

*संपादक*
**पुष्पा कांति कुमार**

*समाचार संपादक*
**आनंद कांति कुमार**

**कानूनी सलाहकार:**
**वी के अरोड़ा, *एडवोकेट***
**बैजनाथ, *एडवोकेट***

**कार्यालय: दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।**
**मो. 9358134808**

*नोट: सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*